सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hor-mone/

SABGURU NEWS

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 1 | अंक 17 | अजमेर, रविवार 25 फरवरी 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## सम्पादकीय

## निराशा को आशाजनक अवसरों में बदलने की खिड़की है परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा के दौरान दिया गया उद्बोधन एवं गुरु मंत्र छात्रों के लिये ऐसा आलोक स्तंभ है जो भविष्य की अजानी राहों एवं परीक्षा के जटिल क्षणों में पांव रखते समय उस आलोक को साथ में रख लिया गया तो उनके मार्ग में कहीं भी अवरोध तनाव एवं संकट नहीं आ सकेगा। क्योंकि मोदी के ये गुरुमंत्र उनकी समर्थता सिद्धता अनुभव एवं साधना से उपजे हैं जो छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों के लिये भी रामबाण औषधि की तरह हैं। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों के अंदर डर और तनाव दोनों होता है ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम करते हैं। इस वर्ष भारत मंडपम आईटीपीओए नई दिल्ली में हुए इस अनूठे एवं प्रेरक कार्यक्रम में जहां तकरीबन 4000 छात्रों ने हिस्सा लिया वहीं लगभग 226 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए थे जो एक रिकॉर्ड है। यह परीक्षा पर चर्चा का 7वां संस्करण है जिसमें छात्रों अभिभावकों और शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत करते हुए परीक्षाओं को तनाव का कारण न बनने देने की सीख दी। इस विलक्षण प्रयोग एवं उपक्रम में छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं के पंख खोले। वे परीक्षा से जुड़े अनेक संदेहों, शंकाओं एवं डर को लेकर यहां आये लेकिन लौटते समय उन चेहरों पर संतोष की झलक थी। उन्होंने कुछ अद्भुत या मौलिक समाधानकारी एवं प्रभावी पाया या नहीं लेकिन जितना पाया वह उनकी उम्मीद से अधिक था। वे ही नहींए भारत के असंख्य छात्रों एवं परीक्षार्थियों के लिये यह आयोजन नवऊर्जा एवं नयी दिशाओं के उद्घाटन का माध्यम बना है जहां से छात्रों के जीवन में व्यापक परिवर्तन उत्साह एवं जिजीविषा की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई है। प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते हैं कि पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे हैंए लेकिन परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। परीक्षा पे चर्चा की विशेषता यह है कि इससे जुड़े प्रतिभागी किसी खास वर्ग, क्षेत्र, उम्र जाति या धर्म के न होकर भारत के सभी राज्यों से लेकर विदेश तक के जूनियर और सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थी के साथ.साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संवाद की व्यापकता विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर में अपनी बात को केवल परीक्षा तक ही सीमित न कर उसे जीवन से जोड़ देती है। विद्यार्थी जीवन में आने वाली अनेक समस्याएं प्रायः किसी न किसी रूप में जीवन के दूसरे पड़ाव में भी जरूर आती हैं। नरेन्द्र मोदी के शब्दों का जादू और भारत की शिक्षा को ऊंचाई तक ले जाने की तड़प ने एक.एक छात्र एवं शिक्षक को भीतर तक हिला दिया। इस अभिक्रम को देख कुछ लोग तो आश्चर्य में डूब गये क्योंकि मोदी ने शुरुआत में ही कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक नवोन्मेषी हो गए हैं इसलिये यह कार्यक्रम मेरे लिए भी एक परीक्षा की तरह है। उन्होंने माता पिता से कहा कि आपको किसी बच्चे की तुलना किसी दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उसके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। कुछ माता.पिता अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड मानते हैं यह ठीक नहीं है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। इसके लिये उन्होंने प्रेरणा, आत्मविश्वास, एकाग्रता, आशा उत्साह, समय और तनाव प्रबंधन आदि ऐसे अनेक विषयों पर बोला जो विद्यार्थी से लेकर आम व्यक्ति के जीवन को उजालने के लिये जरूरी है।परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान मोदी से सवाल हुआ कि छात्रों को प्रेरित करने में शिक्षकों की क्या भूमिका होनी चाहिए और छात्रों को किस तरह से तनावमुक्त रखना चाहिए मोदी ने कहा कि किसी भी शिक्षक और छात्र के बीच परीक्षा को लेकर सिर्फनाता नहीं होना चाहिए।

## मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार तत्परता से निभा रही वादे -मुख्यमंत्री भजनलाल




जयपुर। राजस्थान के जन और जमीन की प्यास बुझाने वाले एकीकृत ईआरसीपी परियोजना के एमओयू के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को आमजन से रूबरू होने उनके बीच पहुंचे और इस दौरान अलवर डीग और भरतपुर जिलों में जगह-जगह शर्मा पर फूल बरसाकर एवं मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। उत्साहित जनसमूह अपने प्रिय मुख्यमंत्री को राजस्थान का भागीरथ बताते हुए उनके समर्थन में नारे लगा रहा था। मुख्यमंत्री ने बड़ौदामेव नगर, डीग और भरतपुर में जनसभाओं को सम्बोधित किया और लोगों को ईआरसीपी परियोजना से उनके क्षेत्र को होने वाले फीयदों के बारे में जानकारी दी।शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकारें जनता से किए वादों को पूरा करने में तत्परता से लगी हुई है। हमने प्रदेश को ईआरसीपी की सौगात देने का वादा किया था और सरकार बनने के डेढ़ महीने के अन्दर ही ईआरसीपी परियोजना के लिए केन्द्र सरकार मध्यप्रदेश सरकार के साथ बात कर यह एमओयू किया। हमने धरातल पर तेजी से काम करते हुए इस परियोजना को पांच साल में पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने ईआरसीपी को लटकाने.अटकाने और भटकाने का ही काम किया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने ईआरसीपी का बजट घोषणाओं में बार-बार जिक्र जरूर किया लेकिन इसके समाधान को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से पूर्वी राजस्थान के किसानों मातृ शक्ति व आमजन के जीवन में सुखद बदलाव आएगा और गांवए खेत तथा घरों तक पर्याप्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। ईआरसीपी की डीपीआर में सम्मिलित 26 बांधों के अलावा आगे चलकर इसमें 122 बांध और जोड़ने की योजना है। शर्मा ने कहा कि वर्ष 2013 से 2018 में हमारी सरकार ने जल संरक्षण एवं संग्रहण को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान की शुरूआत की थी। इसे आगे बढ़ाते हुए हमने बजट में 11 हजार 200 करोड़ रुपये का प्रावधान करते हुए मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 शुरू किया है। इसके तहत आगामी 4 वर्षों में 20 हजार गांवों में 5 लाख जल संग्रहण ढांचे बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सीकर, चूरू और झुंझुनूं को यमुना नदी का पानी उपलब्ध कराने के लिए ताजेवाला से प्रवाह प्रणाली के क्रम में केन्द्र सरकार हरियाणा सरकार और राजस्थान सरकार के बीच एमओयू हुआ है। इससे इन तीनों जिलों की जल आवश्यकता की पूर्ति सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री ने आभार सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस परियोजना से अलवर जिले के जयसमंद बांध घाट पिकअप वियर और धमरेण बांध को पानी मिलेगा। इससे करीब पांच हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई होगी तथा लगभग 20 हजार किसानों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से भरतपुर जिले के पांच बांधों बंध बारेठा अजान लोअर अजान अपर लालपुर और भटावाली में पानी लाया जाएगा। इससे करीब 14 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई होगी तथा लगभग 56 हजार किसान लाभान्वित होंगे। साथ ही बंध बारेठा बांध से ऐतिहासिक महत्व की सुजानगंगा में भी पानी डाला जाएगा।

इस मौके पर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शी सोच के अनुरूप मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की केन.बेतवा नदी लिंक परियोजना के बाद देश की यह दूसरी नदी लिंक परियोजना है। इसमें पार्वती,कालीसिंध, चम्बल नदी के साथ ईआरसीपी ;पूर्वी राजस्थान नहर परियोजनाद्ध को एकीकृत करते हुए लिंक किया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस परियोजना पर राजस्थान में करीब 45 हजार करोड़ और मध्यप्रदेश में 30 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। एकीकृत ईआरसीपी आजादी के बाद प्रदेश की सबसे बड़ी नहर परियोजना होगी जिसमें प्रदेश के नये जिलों सहित कुल 21 जिलों की साढ़े तीन करोड़ आबादी को अगले पांच दशक तक पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही इससे प्रदेश के पूर्वी हिस्से में दो लाख 80 हजार हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।उन्होंने कहा कि पहले जहां इस परियोजना में केन्द्र से 60 प्रतिशत राशि मिलना ही प्रस्तावित थी वहीं मोदी की मंशा के अनुरूप अब इस परियोजना में केन्द्र की फंडिंग बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दी गई है जिससे राजस्थान को परियोजना की लागत का मात्र 10 प्रतिशत ही वहन करना पड़ेगा।आभार सभाओं और धन्यवाद कार्यक्रमों में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म सहित सांसद विधायक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे।

## महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी का निधन



मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को यहां दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि जोशी की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। उन्हें गुरुवार रात दिल का दौरा पड़ा और इलाज के लिए हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जोशी शिवसेना के वरिष्ठ नेता थे और पार्टी के संस्थापक बाल ठाकरे के करीबी सहयोगियों में से एक थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में विधायक मुंबई के मेयर विपक्ष के नेता और शिवसेना के पहले मुख्यमंत्री के रूप में कई पद संभाले। जोशी पिछले कई महीनों से खराब स्वास्थ्य के कारण महाराष्ट्र की राजनीति में सक्रिय नहीं थे। दो दिसंबरए 1937 को रायगढ़ जिले के नंदवी गांव में एक मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे जोशी शिक्षा के लिए मुंबई चले गए एवं उन्हें अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद बृहन्मुंबई नगर निगम में नौकरी मिल गई।जोशी ने 1995 में राज्य में गठबंधन सरकार में मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद उन्होंने सांसदए केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष जैसे विभिन्न पदों पर काम किया।

## एक जुलाई से लागू हो जाएंगे तीनों आपराधिक कानून, अधिसूचना जारी



नई दिल्ली। आपराधिक न्याय व्यवस्था से संबंधित तीनों नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 भारतीय न्याय संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आगामी एक जुलाई से लागू होंगे। गृह मंत्रालय ने शनिवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी।अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की पहली अनुसूची में शामिल धारा 106/2 से संबंधित प्रविष्टि के प्रावधानों पर फिलहाल रोक लगा दी है । अधिसूचना में कहा गया है कि भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 1 की उप.धारा ;2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार धारा 106 की उप.धारा ;2 के प्रावधान को छोड़कर उक्त संहिता को एक जुलाई 2024 से पूरी तरह लागू करेगी। गौरतलब है कि मोटर्स ट्रांसपोर्ट यूनियनों ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 106/2 पर आपत्ति जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया थाए जिसमें हिट.एंड.रन मामले में 10 साल की जेल की सजा का प्रावधान है।सरकार ने हालांकि कई बैठकों के बाद आश्वासन दिया था कि इस धारा को लागू करने पर निर्णय ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के साथ चर्चा के बाद ही होगा। आपराधिक कानूनों को निरस्त करने और प्रतिस्थापित करने वाले तीन संशोधित विधेयक दिसंबर 2023 में शीतकालीन सत्र के दौरान संसद द्वारा पारित किए गए थे।



# लाल बत्ती पर रुकेगा मुख्यमंत्री भजनलाल का काफिला

जयपुर। राजस्थान में अब मुख्यमंत्री का काफिला भी आमजन की तरह यातायात की लालबत्ती पर रुकेगा। राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने यह संवेदनशील निर्णय लिया है और वह अब आम राहगीर की तरह यातायात में चलेंगे। शहर में उनके काफिले के निकलते समय आमजन को होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ने लाल बत्ती पर अपना काफिला रुकवाने का फैसला किया है।शर्मा ने पुलिस महानिदेशक यूआर साहू से कहा था कि उनके काफिले की वजह से यातायात रोक दिए जाने से आम लोगों को परेशानी होती है और उनका वक्त भी जाया होता है। साहू ने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जयपुर पुलिस आयुक्त को इस संबंध में निर्देश दिए हैं।अब तक मुख्यमंत्री के काफिले की रवानगी से पहले शहर में यातायात रोक लिया जाता था जिससे आमजन को कई बार जाम का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने एक बार पहले भी अपना काफिला रुकवा कर एम्बुलेंस को आगे निकलवाया था। उनकी इस पहल से गंभीर मरीजों को भी जाम से राहत मिलेगी।

## गायत्री राठौड़ को मिला नारी शक्ति सम्मान

जयपुर। राजस्थान पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ को नारी शक्ति सम्मान दिया गया। गायत्री राठौड़ को ग्रेटर नोएडा में साउथ एशिया ट्रेवल एण्ड टूरि'म ;साटे इंडियन ट्रेवल मार्ट के दूसरे दिन आयोजित एक समारोह में यह सम्मान दिया गया। उन्हें यह अवार्ड राजस्थान पर्यटन को वैश्विक स्तर पर राजस्थान पर्यटन को पुनः परिभाषित करने के लिए प्रदान किया गया।

समारोह में राठौड़ के लिए दिया गया सम्मान राजस्थान पर्यटन विभाग नई दिल्ली में पदस्थ उपनिदेशक डॉ. दीपाली ने ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि गत 22 फरवरी को शुरू हुआ साटे 24 परवरी तक चलेगा। साटे का यह 31वां संस्करण है। इसमें राजस्थान पर्यटन वर्ष 2016 से भागीदारी कर रहा है।

## जल जीवन मिशन की प्रगति के लिए एकजुट होकर करें कार्य-चौधरी

जयपुर। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि सभी अभियंता राजस्थान को जल जीवन मिशन में ऊपरी पायदान पर लाने को चुनौती के रूप में लेते हुए मिशन के लक्ष्य पूरे करने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के साथ परियोजनाओं में प्रगति आए इस पर पूरा फोकस किया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राजस्थान जेजेएम के लक्ष्यों को हासिल करने में सफल होगा। श्री चौधरी शुक्रवार को यहां राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित जल जीवन मिशन पर आयोजित राज्य स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में प्रदेश भर से करीब एक हजार अभियंताओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि लोगों को पानी पिलाना पुण्य का काम है और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में होने के कारण हमें अंतिम व्यक्ति तक पेयजल की आपूर्ति करने की जिम्मेदारी मिली है उसका निर्वहन करने में जी.जान से जुटें।

## चीन में इमारत में आग लगने से 15 लोगों की मौत

नानजिंग। पूर्वी चीन के जिआंग्सु प्रांत की राजधानी नानजिंग में शुक्रवार सुबह एक



इमारत में आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह लगभग 4.39 बजे स्थानीय अग्निशमन विभाग को युहुताई जिले में एक आवासीय इमारत में आग लगने की जानकारी प्राप्त हुई।

बचावकर्मियों ने सुबह लगभग 6 बजे आग बुझाई और घटनास्थल पर खोज और बचाव अभियान दोपहर लगभग 2 बजे समाप्त हुआ। 44 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।प्रारंभिक जांच में पाया गया कि आग इमारत की पहली मंजिल पर लगी जहां बिजली का उपकरण रखा हुआ था। आगे की जांच चल रही है।

# जयपुर में अब केवल 99 रुपए में लग्जरी होटल में ठहरा जा सकेगा

जयपुर। पर्यटक नौकरी के लिए परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थी बैठक एवं जरुरी काम से कुछ समय के लिए ठहरने की आवश्यकता वाले लोगों के लिए ऑवरली होटल डील्स ने सस्ता एवं समय के हिसाब से होटल उपलब्ध कराने की राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी शुरुआत कर दी।ऑवरली होटल डील्स के संस्थापक हेमेंद्र पाठक ने होटल ट्यूलिप रेजेंसी में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब जयपुर में केवल 99 रुपए प्रति घंटा के हिसाब से लग्जरी होटल मिल सकेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा डिजिटल इंडिया के स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए उनका आभार जताते हुए बताया कि स्टार्टअप इंडिया के तहत ही उन्होंने अपने स्टार्टअप का पंजीयन कराकर इसे शुरू किया है।उन्होंने बताया कि किसी को कम समय के लिए होटल की




आवश्यकता होने पर उन्हें अब होटल चौबीस घंटे के लिए बुक कराने की जरुरत नहीं होगी और नहीं उसे पूरे दिन का पैसे देने की आवश्यकता होगी तथा इसमें होटल में चैक आउट एवं चैक इन की समस्या भी नहीं झेलनी पड़ेगी।पाठक ने बताया प्रतियोगी परीक्षा देने आने वाले युवकों जरुरी काम बैठक सहित एक दो घंटे के लिए होटल की जरुरत वाले लोगों की समस्या के मद्देनजर इस समस्या के निस्तारण के लिए यह विकल्प चुना गया हैं और इसके प्रति अब धीरे धीरे लोगों का रुझान भी बढ़ने लगा हैं।उन्होंने बताया कि ऑवरली होटल डील्स तीन महीने पहले ही उदयपुर में शुरुआत हुई और इसके बाद अब जयपुर में इसकी शुरुआत की गई। जयपुर में चार होटलों में अभी टाइअप किया गया है जिनमें किंग्स रोड़ पर ट्यूलिप रेजीडेंसी विधानसभा के पास होटल कनेक्ट सांगानेट टॉक रोड पर होटल होम वुड स्वीट तथा जगतपुरा में होटल टाउन हाउस शामिल है। ये चारों होटल ऑवरली बुकिंग दे रहे हैं।पाठक ने बताया कि जयपुर के बाद छह शहरों में भी इसकी शुरुआत होगी। जयपुर के बाद भीलवाड़ा, अजमेर, अहमदाबाद और गोवा में इसकी शुरुआत होगी। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप को निवेशक भी मिलने लगे हैं और गुजरात में राजकोट के संजय भट्ट ने पहले चरण में एक करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस अवसर पर भट्ट ने ऑवरली होटल डील्स को अद्वितीय बताया हैं।

# प्रतापगढ़ में मां ने प्रेमी से कराई थी 7 साल के बेटे की हत्या

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में अवैध सम्बन्ध की जानकारी होने पर मां ने प्रेमी से मिलकर उसकी हत्या करवा दी। दस दिन के अन्दर ही बाघराय पुलिस ने शक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए बच्चे के शव को बरामद कर लिया। आरोपित मां और उसके प्रेमी समेत दो अन्य किशोर को गिरफ्तार कर लिया है। घटना थाना क्षेत्र के बाघ राय के लच्छीपुर ;जलालपुर गांव की है।जलालपुर गांव निवासी कमलेश विश्वकर्मा की पत्नी अंजू देवी का प्रयागराज जिले के होलागढ़ क्षेत्र के अहिबी का पुरवा पुरवनारा निवासी पप्पू उर्फ अमरेष कुमार विश्वकर्मा से अवैध सम्बन्ध था। मृतक अमित 7 ने इसे देख लिया था और कहा था कि वह इसे पिता को बता देगा। तभी से दोनों हत्या की योजना बनाने लगे।13 फरवरी को आरोपित अमरेस अपने रिश्तेदार जलालपुर निवासी श्रीराम विश्वकर्मा के यहां शादी में गया था। वहीं पर मृतक की मां भी बेटे अमित के साथ वहां गई थी। वहीं पर पप्पू ने योजना बनाकर अपने चार अन्य साथियों के साथ उसका अपहरण कर लिया। चारों उसकी गला दबाकर हत्या कर दी तथा उसके शव को सूखे नाले में एक गढ्ढे में मिट्टी से ढक दिया।घटना की बाघराय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके पिता ने लिखाई थी। इस मामले के खुलासे के लिए एसपी सतपाल अंतिल ने तीन



टीमें गठित की थी। सुरागकशी करते हुए पुलिस ने अमरेश पप्पू को धर दबोचा।उसने पुलिस को बताया कि अमित ने मुझे अंजू के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। तभी से उसकी हत्या की योजना बनाने लगे। शादी में मौका मिलने पर अपने चार अन्य साथियों अक्षय, धीरज, करन व सुमित निवासी जलालपुर के साथ मिलकर 14 फरवरी को अपहरण को घटना को अंजाम दिया।पुलिस ने अमरेस विश्वकर्मा अंजू देवी तीन किशोरों को धर दबोचा जबकि एक आरोपित धीरज भागने में सफल रहा। पुलिस ने अमरेष की निशानदेही पर नाले से अमित का शव बरामद किया। घटना में उपयोग की गई प्लेटिना बाइक और मोबाइल बरामद कर लिया।

# दस साल से फरार इनामी आतंकवादी मोहम्मद मेराजुद्दीन अरेस्ट

जयपुर। आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त रहे 25 हजार रुपए के इनामी एवं फरार आतंकवादी मोहम्मद मेराजुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है।अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ;एजीटीएफ एवं अपराधद्ध दिनेश एमएन बताया कि एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ;एजीटीएफद्ध पुलिस मुख्यालय की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार आतंकवादी नियाजउद्दीन ;31द्ध निवासी वार्ड संख्या 18 बजरिया रेलवे स्टेशन थाना गंगापुर सिटी को पकड़ा है।जयपुर एटीएस की टीम को 10 सालों से इसकी तलाश थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में स्लीपर सेल द्वारा भारत के विभिन्न स्थानों पर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने की योजना थी। इस मामले में प्रदेश के सीकरए जोधपुर एवं जयपुर जिले से 13 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया



था। जिनमें से 12 को कोर्ट द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।एमएन ने बताया कि इस मामले में थाना एसओजी जयपुर में प्रकरण संख्या 3द्2014 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व विधि विरुद्ध क्रियाकलाप ;निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। पकडा गया आतंकवादी मोहम्मद मेराजुद्दीन घटना के वक्त से फरार चल रहा था और इसे पकड़ने के लिए इस पर एटीएस.एसओजी एडीजी द्वारा 24 जनवरी 2018 को 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

उन्होंने मेराजुद्दीन दिल्ली में ओखला स्थित मरकसए गुजरात एवं राजस्थान के विभिन्न जिलों में फरारी काट रहा था। प्रारंभिक पूछताछ में इसने बताया कि यह और इसके साथी इंडियन मुजाहिद्दिन एवं अन्य इस्लामी संगठनों से संपर्क में थे। साल 2014 में इनके द्वारा विभिन्न स्थानों पर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने की योजना थी पर इससे पहले ही इनके साथी सुरक्षा एजेंसियो की गिरफ्त में आ गए।

एमएन ने बताया कि मेराजुद्दीन को राजस्थान एटीएस को सुपुर्द किया जा चुका है। अग्रिम कार्रवाई उनके द्वारा की जा रही है। अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है जिसमें और भी खुलासे हो सकते हैं।

# हिमाचल प्रदेश में न्यूज वेब चैनल्स के लिए आवेदन आमंत्रित

शिमला। हिमाचल प्रदेश सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग ने न्यूज वेब चैनल्सए न्यूज वेबसाइट्स पोर्टल और सोशल मीडिया हैन्डलर्स के मनोनयन ;इम्पैनलमेंट के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और विभिन्न कार्यक्रमों व अन्य पहलों के बारे में अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाने के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश डिजिटल मीडिया नीति.2024 हाल ही में अधिसूचित की गई है। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग को इसके लिए नोडल एजेंसी बनया गया है।इस नीति का उद्देश्य न्यूज वेब चैनल्सए न्यूज वेबसाइट्स पोर्टल और सोशल मीडिया हैन्डलर्स के माध्यम से प्रदेश सरकार की योजनाओंए कार्यक्रमों और विकासात्मक पहलों को जन.जन तक प्रचारित एवं प्रसारित करना है।विभाग में मनोनयन के लिए इन चैनल्सए पोर्टल्स और हैन्डलर्स को सामान्य एवं तकनीकी योग्यता पूर्ण करनी होगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल मीडिया नीति की प्रति विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# देवनानी ने डिजिटल चैनल निर्माण के प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश



जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा के डिजिटल चैनल निर्माण के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं।देवनानी ने राजस्थान विधानसभा डिजिटल चैनल के लिए शुक्रवार को यहां विधानसभा में बुलाई बैठक यह निर्देश दिए। बैठक में विधानसभा डिजिटल चैनल के लिए आवश्यक ढांचागत व्यवस्था, उपकरण, वैधानिक प्रक्रिया, सुरक्षात्मक माप दण्ड, तकनीकी एवं संपादकीय टीम और आवश्यक वित्तीय व्यवस्थाओं के प्रस्ताकव तैयार किए जाने के लिए अधिकारियों और प्रसारण विशेषज्ञों से चर्चा की। देवनानी ने निर्देश दिए कि सभी वैधानिक एवं वित्तीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए चैनल निर्माण के प्रस्ताव तैयार किए जाए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर पर चैनल की 12 से 14 घंटे तक प्रसारण की व्यवस्था को सुनिश्चित किए जाने के प्रस्तावों को अगली बैठक में प्रस्तुत किए जाए। संसद टीवी के साथ निजी टीवी और डिजिटल चैनल की ढांचागत वित्तीय और प्रशासनिक व्यवस्था का अध्ययन किए जाने के लिए भी देवनानी ने निर्देश दिए।ाजस्थान विधानसभा देश की पहली विधानसभा होगी जिसका डिजिटल चैनल होगा। इस चैनल पर विधानसभा के सदन की कार्यवाही का सजीव प्रसारण के साथ.साथ राजस्थान विधानसभा और रा'य सरकार की गतिविधियों और योजनाओं का प्रसारण भी होगा। इसके साथ ही राजस्थान विधानसभा की गतिविधियों से परिचित कराने के लिए राज्य के स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए भी कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे।

# जयपुर में कैमिकल के अवैध कारोबार का भंडाफोड, तीन अरेस्ट

जयपुर। राजस्थान में जयपुर के मनोहरपुर थाना क्षेत्र में नवलपुरा गांव में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ;एजीटीएफ ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 60 लाख रुपए कीमत का ज्वलनशील पदार्थए केमिकल, सवा लाख रूपए की नकदी, तीन वाहन एवं चोरी में प्रयुक्त उपकरण जप्त किए हैं।एजीटीएफके अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एमएन ने बताया कि नवलपुरा गांव में स्थित गोदाम पर ड्राइवर से सांठ गांठ कर टैंकरों से केमिकल चोरी किए जाने की सूचना पर टीम गठित कर आसूचना संकलन के लिए भेजी गई। टीम ने दो दिन लगातार गोदाम की रैकी की। इस दौरान करीब 25.26 टैंकर गोदाम में आते.जाते दिखाई दिए। सूचना की पुष्टि होने के बाद थाना पुलिस के सहयोग से गोदाम में दबिश दी गई।नवलपुर गांव में दिल्ली अजमेर एक्सप्रेस हाईवे पर स्थित यह गोदाम सीएनजी एवं पेट्रोल पंप के बीच स्थित है। टैंकरों से अत्यंत ज्वलनशील केमिकल निकालने के दौरान थोड़ी सी चूक से बड़ी जन.धन हानि होने की प्रबल संभावना है।



दबिश के समय गुजरात नंबर के एक टैंकर से बूस्टर मोटर पंप के द्वारा पाइप से ड्रमों में केमिकल निकाला जा रहा था। मौके से गोदाम के संचालक कृष्ण कुमार ;39द्ध और कर्मचारी गजेंद्र सिंह ;45द्ध एवं उगमा राम ;32द्ध निवासी थाना रामसर जिला बाड़मेर को गिरफ्तार कर लिया। टैंकर चालक और कृष्ण कुमार का पार्टनर वैशाली नगर जयपुर निवासी मनोज सोनी भाग गए।

# एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पुष्कर में किए ब्रह्माजी के दर्शन

अजमेर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को तीर्थराज पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर जी में सपत्नीक दर्शन कर आशीर्वाद लिया।अपने पुत्र वैभव के विवाह मौके पर पुष्कर प्रवास पर आए यादव ने ब्रह्मा मंदिर पहुंच कर भगवान की आरती कर आशीर्वाद लिया। मंदिर पुजारी ने यादव का दुपट्टा पहना स्वागत किया और ब्रह्माजी की तस्वीर भेंट की। इसके बाद यादव अपनी पत्नी सीमा यादव के साथ पवित्र पुष्कर सरोवर पहुंचे और ब्रह्मा घाट पर सरोवर की पूजा अर्चना की। पुश्तैनी तीर्थ पुरोहित विजय स्वरूप महर्षि ने यादव को पूजा अर्चना कराई। इस मौके पर तीर्थ पुरोहित संघ के पुष्कर नारायणए पार्षद शिवस्वरूप महर्षि सहित यादव समाज के लोग मौजूद रहे। इस मौके पर यादव ने पुष्कर में अपने यादव समाज बंधुओं से भी मुलाकात की।



# पूर्व सरकारी मुख्य सचेतक महावीर प्रसाद का निधन

जयपुर। राजस्थान के पूर्व सरकारी मुख्य सचेतक महावीर प्रसाद जैन का शनिवार को निधन हो गया। वह करीब 77 वर्ष के थे। जैन लम्बे समय से बीमार चल रहे थे और उन्होंने टोंक जिले के निवाई में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। देवनानी ने कहा कि जैन कुशल जन प्रतिनिधि थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई हैं। उन्होंने कहा कि जैन राजस्थान की राजनीति में योगदान अविस्मरणीय रहेगा।

# राजस्थान सरकार गौवंश संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध -भजनलाल

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने स्वस्थ पशुधन एवं गौवंश संरक्षण के लिए राज्य सरकार को संकल्पबद्ध बताते हुए कहा है कि हमारी सरकार ने मोबाइल वेटेनरी इकाइयों हैल्पलाइन नम्बर 1962 की शुरूआत की है और इसके माध्यम से पशुओं को शीघ्र चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध होगी और प्रदेश के पशुपालक समृद्ध होंगे।



शर्मा शनिवार को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मोबाइल वेटेनरी इकाइयों के लोकार्पण पर आयोजित समारोह में भाग ले रहे थे। उन्होंने 21 मोबाइल वेटेनरी इकाइयों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके अतिरिक्त प्रदेश में जिला स्तर पर आयोजित समारोहों में 159 इकाइयों का लोकार्पण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक एक लाख पशुओं पर एक मोबाइल वेटनरी यूनिट कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत रा'य स्तरीय कॉल सेंटर की स्थापना भी की जाएगी जो पशुओं के सामान्य रोगों के उपचार हेतु टेलिमेडिसन व्यवस्था एवं पशु प्रबंधनए पोषण आदि के लिए सलाह भी देगा। कॉल सेंटर के माध्यम से पशुओं का आपात स्थिति में प्राथमिकता से उपचार सुनिश्चित हो सकेगा।शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार कृषक कल्याण एवं पशुपालकों के हित में दूरगामी निर्णय कर रही है। सरकार ने अपने पहले बजट में ही गौवंश संरक्षण के लिए शेड खेली का निर्माण तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत एक लाख रुपए तक ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण घोषणा की है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने विधिवत तरीके से गौ पूजन कर समारोह का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में मोबाइल इकाइयों द्वारा पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर पशुपालकों को लाभान्वित भी किया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक में एक मोबाइल वेटनरी यूनिट के लिए एक पशु चिकित्सकए एक तकनीकी पशु चिकित्साकर्मी एवं एक ड्राइवर कम पशु परिचारक होंगे। इससे लगभग 1600 तकनीकी व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावतए सांसद रामचरण बोहरा एवं सुखबीर सिंह जौनापुरिया, विधायक कैलाश वर्मा गोपाल शर्मा एवं बालमुकुन्दाचार्य तथा पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# कासगंज में ट्रेक्टर ट्रॉली के पलटने से 23 श्रद्धालुओं की मौत



कासगंज। उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में शनिवार को हुए ट्रेक्टर ट्राली हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 23 तक पहुंच गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मृतकों के परिजनों को दो.दो लाख रुपए और घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है।प्राप्त सूचना के अनुसार मृतकों के परिजनों से मिलने और उनको ढांढस बंधाने के लिए तथा मृतकों का सम्मान जनक दाह संस्कार की निगरानी के लिए आगरा जोन की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ;एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ एटा जिले के जैथरा थाना क्षेत्र के कसा गांव पहुंचने वाली हैं।शनिवार सुबह एटा जनपद के जैथरा थाना क्षेत्र के कसा गांव निवासी ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर माघ पूर्णिमा स्नान के लिए कादरगंज गंगा घाट जा रहे थे। श्रद्धालुओं से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली के तालाब में गिरने से 22 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।एटा के जिला अधिकारी प्रेम रंजन सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ;एसएसपीद्ध राजेश कुमार सिंह ने कसा गांव का दौरा कर मृतकों के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बधाया। जिला अधिकारी एटा प्रेम रंजन सिंह ने बताया कि सभी मृतकों का दाह संस्कार जिला प्रशाशन कराएगा। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली गईं हैं।जिला अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजनों को परिवार के मुखिया की मृत्यु होने की दशा में कृषक बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपए का कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक इस हादसे में 22 श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है।

# दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है जान्हवी कपूर




मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जान्हवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है।जान्हवी कपूर एनटीआर जूनियर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म देवरा भाग-1 के जरिये दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करने जा रही है। यह फिल्म कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आट्र्स और एनटीआर आट्र्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। जान्हवी कपूर फिल्म देवरा भाग-1 के जरिये दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है।जान्हवी कपूर ने बताया कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि इस फिल्म के जरिए वह केवल अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं।

# Tourism Malaysia Resumes to Entice the Indian Market at SATTE 2024

Tourism Malaysia returns to India's largest tourism fair, the South Asias Travel & Tourism Exchange (SATTE), Delhi NCR for its 20th participation. The three-day event, happening from 22nd to 24th February 2024, and Malaysia Food Festival in Hyatt Regency, New Delhi from 22nd February to 29th February 2024 is a continuous effort to keep Malaysia as the preferred tourist destination in the minds of Indian travellers.

Azrul Shah Bin Mohamad, CEO, Tourism Selangor (3rd from L), inaugurates the Tourism Malaysia Booth at SATTE along Muhammad Akmal Hafiz Abdul Aziz, Acting Director, Tourism Malaysia Delhi & Mohammad Isa Abdul Halim, Director, MCEB



At SATTE this year, Tourism Malaysia aims to focus on niche products such as shopping, golfing, luxury tourism, soft tourism, theme parks, and honeymoon packages. On top of that, emerging segments such as weddings and film-induced tourism are also being promoted to Indians as a destination of choice. Tourism Selangor also had a MOU ceremony with 3 Indian Travel Associations after the inauguration of the Tourism Malaysia Booth C-36. With an expected total of more than 35,000 trade visitors, the event anticipates a significant increase in Indian tourists to Malaysia through the rigorous promotion and stronger cooperation between tour operators and members of the tourism fraternity.

# मीडिया का साथ लिए बगैर देश विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता -भागीरथ चौधरी

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी ने मीडिया के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा है कि मीडिया का साथ लिए बगैर देश विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता।




चौधरी शुक्रवार को यहा केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के जयपुर स्थित पत्र सूचना कार्यालय की ओर से आयोजित क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन वार्तालाप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मीडिया देश को विकसित राष्ट्र बनाने में महती भूमिका निभाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार राष्ट्र निर्माण जो हम सब का दायित्व है उसे पूरा करे। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में आज देश ऐसे मोड़ पर खड़ा हैए जहां पूरी दुनियां की निगाह भारत पर है। आर्थिक रूप से विश्व में 11 से 5वें स्थान पर आना सबके लिए गौरव की बात है।

उन्होंने सिलसिलेवार मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और फ्लैगशीप योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने गरीब को गणेश मानकर काम किया है। अजमेर लोकसभा क्षेत्र में भी विकास के अनेकों काम हुए है।

कार्यक्रम में कलक्टर भारती दीक्षित ने कहा कि मीडिया स्वयं की प्रतिष्ठा और समाज हित में विश्वसनीय और तथ्यात्मक समाचार ही प्रकाशित.प्रसारित करे जो लिखे सही लिखे। अजमेर की मीडिया सबसे अच्छी हैए जनता तक सकारात्मक समाचार पहुंचाना मीडिया की जिम्मेदारी है।इस अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के डीआईजी अनिल कुमार सिंह ने कहा है कि सकारात्मक समाचारों से राष्ट्र निर्माण में सहभागिता रहती है। निष्पक्ष और सही परिपेक्ष्य में समाचार दिएये जाए तो सभी के लिए हितकारी होते हैं।इस अवसर पर सबगुरु न्यूज के संपादक विजय सिंह मौर्य, कल का सम्राट के विनोद गौतम, राजस्थान जर्नलिस्ट ऐसोसिएशन के अजमेर जिलाध्यक्ष अकलेश जैन, पिका महर्षिए अरुण बाहेती समेत बडी संख्या में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारिता से जुडे सदस्य उपस्थित थे।

## बहुचर्चित एसपी थप्पड प्रकरण में बाबूलाल सिंगारिया बरी

अजमेर। राजस्थान में अजमेर से जुड़े बहुचर्चित एसपी थप्पड़ मामले में बुधवार को न्यायालय ने केकड़ी के तत्कालीन विधायक बाबूलाल सिंगारिया को बरी कर दिया।अजमेर कलेक्टर परिसर से जुड़ा यह मामला 23 वर्ष पुराना 30 जून 2001 का है। जब विधायक सिंगारिया ने आवेश में आकर तब के पुलिस अधीक्षक आलोक त्रिपाठी को थप्पड़ मार दिया था। मामले ने तूल पकड़ा और इसकी गूंज विधानसभा तक में हुई।बुधवार को मामले में आदेश की तारीख पेशी पर अतिरिक्त जिला न्यायालय.3 के न्यायाधीश अमर वर्मा ने अपने फैसले में थप्पड़ के आरोपी सिंगारिया को बरी कर दिया। उन्होंने धारा 323 के तहत हिदायत के साथ बरी करने के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त थप्पड़ कांड तब हुआ था जब तत्कालीन कलक्टर ऊषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक चल रही थी।



## पुष्कर नगर पालिका के निलंबित अध्यक्ष कमल पाठक बहाल

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के निकटवर्ती पुष्कर नगरपालिका के निलम्बित अध्यक्ष कमल पाठक को बहाल कर दिया गया है। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं संयुक्त सचिव सुरेश कुमार ओला के 20 फरवरी को जारी आदेश में कमल पाठक का नगरपालिका पुष्कर के अध्यक्ष तथा वार्ड .4 की सदस्यता के निलंबन को रद्द करते हुए बहाली के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि पाठक की वार्ड सदस्यता एवं नगर पालिका अध्यक्ष पद से नौ जून 2023 को जांच के चलते निलंबित कर दिया था।



## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल का कारावास

अजमेर। राजस्थान में अजमेर स्थित पोक्सो मामलो की विशेष अदालत संख्या 1 ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल की सजा सुनाई।विशिष्ट लोक अभियोजक रूपेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि मामला मांगलियावास थाने से जुड़ा है जब 19 मार्च 2023 को प्रकरण दर्ज किया गया। मामले में 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची को पड़ौसी ही भगा कर अहमदाबाद ले गया और दुष्कर्म किया।पोक्सो अदालत के न्यायाधीश ने बुधवार को अपने फैसले में दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की जेल तथा 49 हजार रुपएये के अर्थदंड से दण्डित किया।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 98879087277, 7737385114

Email ID

sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

## डिम्पल कपाडिया ने ख्वाजा की दरगाह में लगाई हाजरी

अजमेर। राजस्थान में अजमेर स्थित ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में अपने जमाने की मशहूर फिल्म अभिनेत्री डिम्पल कपाड़िया ने बुधवार को हाजरी लगाई। जानीमानी फिल्म अदाकारा डिम्पल ने गरीब नवाज की चैखट पर पहुंच कर आस्ताने शरीफ पर अकीदत के फूल पेश किये तथा परिवार सहित स्वयं के लिए दुआ की।

दरगाह में उन्हें देखने के लिए प्रशंसकों का तांता लग गया। डिम्पल ने भी किसी को निराश नहीं किया और सहजता के साथ रूक गई और अभिवादन किया। इस दौरान धक्का मुक्की होती रही।

## सिंधी समाज के संगठनों ने किया विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का अभिनंदन

अजमेर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सिन्धी समाज पुरूषार्थी समाज है। सिन्धी समाज सदैव देश सेवा में तत्पर रहा है। देशहित में काम करने में समाज का बड़ा योगदान है।सिंधी समाज के दर्जनों संगठनों ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का नागरिक अभिनंदन किया।



हंस पैराडाइज समारोह स्थल पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि सिन्धी समाज देश के निर्माण के लिए किए जा रहे प्रयासों में कन्धे से कन्धा मिला कर काम कर रहा है। देश के लिए हम आजादी से पहले और उसके बाद हमेशा खड़े रहे। यह ज'बा समाज में सदैव बरकरार रहेगा।उन्होंने कहा कि सिन्धी समाज मेहनती, कर्मशील व परोपकारी समाज है। समाज की सदैव भावना रही कि सभी को साथ लेकर चलें और सभी का विकास हो। हमारी यह भावना हमारे काम और सरकारी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों में भी झलकती है।कार्यक्रम में घनश्याम ठारवानी ने बताया कि पू'य बहराना साहब की 'योत संत मेठाराम दरबार के भगत लालचंदए प्रेम प्रकाश आश्रम के संत रामप्रकाश व अयोध्या से पधारे संत मंडल द्वारा स्वागत किया गया। पार्षद रमेश चेलानी दीपेंद्र लालवानी मनोज मामनानी आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम संयोजक हरीश गिदवानी, घनश्याम भगत, गोविंद खटवानी, मनोहर मोटवानी, रमेश चेलानी,सुभाष टहलयानी रहे। कार्यक्रम में दूरदर्शन आकाशवाणी कलाकार घनश्याम भगत द्वारा सिंधी लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। अजमेर शहर की सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक संस्थाओं सिंधी संगीत समिति रजि. सेवा ही कर्म जन सेवा समिति सिंधी साहित्य व कल्चर सोसायटी, सिंधी बोली विकास परिषद, पूय सिंधी पंचायत पंचशील, आदर्श नगर सिंधी पंचायत, झूलेलाल सेवा मंडली वैशाली नगर, सिंधी युवा संगठन, सिंधी युवा संघ अजमेर, भोलेश्वर मंदिर सेवा समिति, झूलेलाल धाम दिल्ली गेट, महिला जागृति मंच पंचशील, सिंधु संगम संस्था, पुष्कर होटल एसोसिएशन, सेवानी चैरिटेबल ट्रस्ट, सिंधी सद्भावना समिति, एफब्लॉक सिंधु समिति विकास समिति चंद्रवरदाई नगर आदि संस्थानों द्वारा शाल मालाए साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

## अजमेर दरगाह का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण कराने की मांग

अजमेर। राजस्थान में अजमेर स्थित ख्वाजा साहब की दरगाह में हिन्दू मंदिर का दावा करते हुए वीर हिंदू आर्मी ने बुधवार को यहां अतिरिक्त जिला कलेक्टर लोकेश कुमार गौतम को ज्ञापन सौंपकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण कराने की मांग की है।

ज्ञापन देने आए सिमरन गुप्ता ने बताया कि ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह परिसर में तारागढ़ के किले का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण होना चाहिए। क्योंकि वहां महादेव शिव का मंदिर है जिसे आज जन्नती दरवाजे के नाम से जाना जाता है तो वहीं अढ़ाई दिन का झोपड़ा एक सरस्वती माता का मंदिर था।उन्होंने पत्र में लिखा कि अजमेर में चिश्ती की दरगाह का पूरा परिसर मुस्लिम आक्रमणकारियों द्वारा ध्वस्त किए गए हिंदू और जैन मंदिरों की मंदिर सामग्री का उपयोग करके बनाया गया है।

## लोकसभा चुनाव के लिए होगा नियन्त्रण कक्ष स्थापित

अजमेर। आगामी लोकसभा चुनाव.2024 के प्रयोजनार्थ मतदाताओं के लिए सुविधा केन्द्र की स्थापनाए अभाव अभियोग का नियमित पंजीकरण एवं निराकरण तथा आचार संहिता की पालना के प्रयोजनार्थ बहुउद्देशीय नियन्त्रण कक्ष कार्यालय कलेक्ट्रेट पर केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियन्त्रण कक्ष आचार संहिता लागू होने से तत्काल प्रभाव से 8.8 घण्टे की तीन परियों में 24 घण्टे कार्यरत रहेगा। नियन्त्रण कक्ष का टेलिफोन नम्बर 0145-2620219 है। जिला रसद अधिकारी इसके प्रभारी अधिकारी होंगे तथा राजेन्द्र चौधरी उप निदेशक महिला अधिकारिता विभाग सहायक प्रभारी होंगे।



## अजमेर दरगाह क्षेत्र में केरल पुलिस पर फायरिंग, दो बदमाश अरेस्ट

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के दरगाह थाना क्षेत्र में केरल पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने दरगाह के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में पुलिस पर तीन राउंड फायरिंग भी की।पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना मंगलवार देर रात की है जब उत्तराखंड में रूड़की के यह दोनों बदमाश केरल में अपराध कर यहां दरगाह क्षेत्र में छुपे हुए थे।

दरगाह के अंदरकोट कमानी गेट पर हुई इस फायरिंग से पहले केरल पुलिस के आईपीएस शरण कांवले गोपीनाथ की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मदद की लेकिन बदमाशों ने केरल पुलिस को देखकर फायरिंग कर दी।कड़ी मशक्कत के बाद संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। बदमाशों के पास से पिस्टल जिंदा कारतूसए पेचकस एवं अन्य चीजें बरामद की गई है। ये बदमाश अजमेर में भी अपराध करने की फिराक में थे। फायरिंग करने वाले गिरफ्तार बदमाशों में दानिश ;23 तथा शहजाद है ये दोनों रूड़की उत्तराखंड निवासी हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277